दिनांक 31.07.2026 को संपन्न केन्द्रीय विद्यालय हटा की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

केन्द्रीय विद्यालय हटा की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 31.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे केन्द्रीय विद्यालय हटा के प्राचार्य कक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय एस. डी. एम. सह नामित-अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति श्री राकेश सिंह मरकाम जी ने की। सभी सदस्यों की उपस्थिति सूची संलग्न है।

सर्वप्रथम प्राचार्य श्री रितेश कुमार पटेल ने माननीय एस. डी. एम. सह नामित-अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति और सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया।

सभी सदस्यों के परिचय के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक के एजेंडे पर निम्नानुसार बिन्दुवार चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया।

1. **शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियां एवं छात्र पंजीयन स्थिति:**

अ) सत्र 2025-26 में कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा एवं कक्षा-12 का परीक्षा परिणाम 93.62 रहा। कक्षा 10वीं में शिवानी गोस्वामी ने 97.4 % अंक लेकर एवं कक्षा 12 वीं में प्रियल चौधरी ने 94.2 % अंक लेकर वाणिज्य संकाय में तथा ओम खरे ने 89.4 % अंक लेकर विज्ञान संकाय में विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय के शिक्षक श्री सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी का कक्षा-10 हिंदी कोर्स -A का परीक्षा परिणाम पूरे जबलपुर संभाग में सबसे अच्छा रहा है। इस सत्र में हमारा लक्ष्य कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ-साथ परीक्षा परिणाम की गुणवत्ता में और सुधार करना है इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विद्यालय में सितम्बर माह से ही उपचारात्मक कक्षाएँ शुरू कर दी जायेंगी एवं शीतावकाश के दौरान भी कक्षा 9 वीं से 12वीं के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु भी 10-12 दिनों के लिए विशेष कक्षाएँ लगायी जायेंगी। इन कक्षाओं का मकसद प्रत्येक बच्चे के विषयवार कमजोर पक्ष में सुधार लाना एवं कमजोर बच्चों में न्यूनतम स्तर का अधिगम/ Minimum Level of Learning (विषयवस्तु का लगभग 50%) प्राप्त करना है।

ब) विद्यालय में छात्रों की वर्तमान संख्या 748 हैं एवं विद्यालय का छात्र पंजीयन प्रतिशत 98.42 है ।

स) संभागस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 में कुल 15 बच्चों ने प्रतिभाग किया था एवं विद्यालय ने कुल 10 मैडल प्राप्त कर अभी तक का अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन किया है । विजेताओं का खेलवार विवरण इस प्रकार है : स्वर्ण पदक (Gold Medal)-2 : दर्श (लंबी कूद, U-14), श्रीयांश (डिस्कस थ्रो, U-17)

- रजत पदक (Silver Medal)-5 : आर्यन पटेल (टेबल टेनिस, U-17), दर्श (शॉट पुट, U-14 & डिस्कस थ्रो, U-14), लक्ष्या (पारंपरिक योग, U-17), कृष्णपाल (कलात्मक योग, U-17)
- कांस्य पदक (Bronze Medal)-3 : यथार्थ (टेबल टेनिस, U-17), यशस्वी (पारंपरिक योग, U-19), शुभम साहू (रिदमिक योग, U-17)

- अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों ने विद्यालय एवं शिक्षकों की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धि की सराहना की।

द) 27 एवं 28 जुलाई 2026 को ऑनलाइन माध्यम से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 सागर में आयोजित संकुल स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व में केंद्रीय विद्यालय हटा का प्रदर्शन 12 प्रतिभागी केन्द्रीय विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ रहा। कुल 16 प्रतियोगिताओं में से केंद्रीय विद्यालय हटा ने 5 प्रतियोगिताओं में प्रथम, 2 प्रतियोगिताओं में द्वितीय एवं 3 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2. स्टाफ की वर्तमान स्थिति:

विद्यालय में वर्तमान में कुल 43 स्वीकृत पदों में से 19 पद भरें हैं एवं 24 पद रिक्त हैं।

Sl. No.	Post	Sanctioned Post	In-position	Clear Vacant Posts	REMARK
1	PRINCIPAL	1	1	0	
2	HM	1	0	1	
3	PGTs	9	7	2	2 Posts vacant for PGT(Phy) & PGT(Eco).
4	TGTs	7	4	3	3 Posts vacant for TGT(Eng), TGT(S.Sc.) & TGT(Skt)
5	LIBRARIAN	1	1	0	Librarian-01/01
6	PRT	11	4	7	PRTs-05/07
7	PRT (Music)	1	1	0	
8	SPECIAL EDUCATOR (PRT)	1	-	1	
9	SSA	1	0	1	Ministerial Staff- 01/08, 07 Vacancies
10	JSA	1	1	0	
11	SUB-STAFF (Regular & Lab)	6+3=9	0	6+3=9	
TOTAL		43	19	24	

- अध्यक्ष महोदय ने शैक्षणिक उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयास एवं नियमित शिक्षकों की वर्तमान संख्या पर संतोष व्यक्त किया।

3. **निर्माणाधीन भवन की वर्तमान स्थिति:** केन्द्रीय विद्यालय हटा नगर के निर्माणाधीन विद्यालय भवन का निर्माण कार्य अधिकांशतः पूर्ण हो चुका है, केवल कुछ लंबित सुधार कार्य शेष हैं। निर्माण एजेंसी (NPCCL) द्वारा नियमानुसार सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने एवं शेष औपचारिकताएँ पूर्ण किए जाने के उपरांत विद्यालय भवन का औपचारिक अधिग्रहण (Handing-Taking) किया जाएगा।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा इस मामले में संतोष व्यक्त किया।

4. **अभिभावक-शिक्षक संघ की पहल:** अभिभावक शिक्षक संघ की पहल से अभिभावकों, समाज सेवकों एवं अन्य स्वयंसेवकों की मदद से विद्यालय में पेयजल पॉइंट्स, क्रिकेट पिट के निर्माण सहित अनेक निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी अनेक संस्थाओं/ एजेंसीयों की मदद से किया जाना प्रस्तावित है ।

5. **माँ सरस्वती की प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूजन कार्यक्रम:** केन्द्रीय विद्यालय हटा में दिनांक 29 जुलाई-2026 को माननीय विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक द्वारा भेंट की गयी माँ सरस्वती जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन किया गया।

6. **विद्यालय निधि (SF) एवं विद्यालय विकास निधि (VVN) बजट के अनुमोदन का प्रस्ताव:**

केन्द्रीय विद्यालय हटा का विद्यालय निधि (SF) एवं विद्यालय विकास निधि (VVN) वर्ष 2026-27 के संशोधित प्राक्कलन (RE-2026-27) और वर्ष 2027-28 के लिए अनुमानित बजट (BE-2027-28) संलग्न कर अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत है ।

- अध्यक्ष महोदय एवं विप्रस द्वारा बजट का अनुमोदन किया गया।

7. **ढांचागत सुविधाओं के विकास में की जाने वाली नवीन खरीदी का प्रस्ताव :**

लेख है कि केन्द्रीय विद्यालय, हटा में ढांचागत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निम्नलिखित वस्तुओं की GeM पोर्टल के माध्यम से खरीदी का प्रस्ताव है ।

स. क्र.	खरीदी जानी वाली सामाग्री	खरीदी जाने वाली संख्या	यूनिट दर	अनुमानित राशि (रू. में)	टीप
1	डबल डेस्क	25	6000	1,50,000	सत्र 2027-28 में अप्रैल माह से शुरू होने वाले कक्षा-VI के नए वर्ग हेतु
2	वाटर कूलर	1	40000	40000	प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए
3	शिक्षक कुर्सी	20	5000	1,00,000	स्टाफ रूम में शिक्षकों के लिए

4	अलमारी	3	15000	45,000	प्राथमिक विभाग, परीक्षा विभाग एवं कार्यालय हेतु
5	IFP (इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल)	2	1,90,000	3,80,000	कंप्यूटर लैब एवं संसाधन कक्ष हेतु
कुल अनुमानित राशि					

- अध्यक्ष महोदय एवं विप्रस द्वारा छात्र हित में उक्त खरीदी का अनुमोदन किया गया।

8. बजट 2026-27 से अधिक व्यय की पूर्व स्वीकृति का प्रस्ताव:

विद्यालय विकास निधि बजट 2026-27 में विभिन्न व्यय के लिए कुछ वित्तीय सीमाएं निर्धारित की गई थी, परंतु निम्नलिखित मदों में बजट 2026-27 में निर्धारित वित्तीय सीमाएं से अधिक व्यय अपेक्षित है।अतः वर्ष 2026-27 में संभावित अधिक व्यय की सक्षम अधिकारी से वित्तीय एवं प्रशासनिक पूर्व-स्वीकृति प्रस्तावित है:

स. क्र.	मद	अभी तक इस मद में व्यय की गयी राशि	सत्र 2026-27 में भविष्य में VVN से व्यय की जाने वाली राशि	Chap-21 के अनुसार फाइनेंसियल लिमिट	राशि जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति चाहिए
1.	हाउसकीपिंग एंड क्लीनिंग (Chapter 21 के अनुसार स. क्र. 3(E))	59,068/-	7,56,920/-	5,00,000/-	3,15,988/-
2.	सिक्यूरिटी ऑफ़ स्कूल (Chapter 21 के अनुसार स. क्र. 16)	1,63,306/-	8,25,231/-	5,00,000	4,88,537/-

- अध्यक्ष महोदय एवं विप्रस द्वारा उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

9. अध्यक्ष महोदय का आभार :

रितेश कुमार पटेल, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय हटा ने विद्यालय से संबंधित छात्रहित के कार्यों को प्राथमिकता से करवाने हेतु बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय एस. डी. एम. सह नामित-अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति श्री राकेश सिंह मरकाम जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की कामना की ।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा इस विद्यालय के छात्रहित के कार्यों में अपना पूरा सहयोग देने का संकल्प दोहराया।

10. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय:

i. पुस्तकालय की फटी पुरानी पुस्तकों (कुल कीमत -4719/-) का निस्तारीकरण का प्रस्ताव प्राचार्य द्वारा रखा गया ।

ii. वाहनों द्वारा बच्चों के परिवहन को सुरक्षित बनाने की दिशा में वाहन चालकों की सूची बनाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन से सहयोग लेने एवं वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किये जाने का प्रस्ताव डॉ. मनोज कुमार अहिरवार जी द्वारा रखा गया । विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस बार अगस्त माह में तीन बड़े वृक्षारोपण कार्यक्रम पाइपलाइन में हैं ।

iii. डॉ. उमाशंकर पटेल एवं अभिभावक प्रतिनिधि श्री सौरभ बजाज जी ने विद्यालय के खेल के मैदान को स्थानीय निकाय तथा जन-सहयोग से विकसित करने का प्रस्ताव रखा ।

बैठक के अंत में श्री रितेश कुमार पटेल, प्राचार्य के. वि. हटा ने अध्यक्ष महोदय एवं सभी उपस्थित सदस्यों का बैठक में अपनी उपस्थिति देने के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

****

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यगण:

S. No.	NAME	MEMBERSHIP DETAILS	SIGNATURE
1.	DR. MUKESH AHIRWAR (PRINCIPAL, SHRI R.S. HAZARI GOVT. DEGREE COLLEGE, HATTA)	EMINENT EDUCATIONIST	
2.	MR. A. K. SINGH (SENIOR LECTURER, DIET HATTA)	EMINENT EDUCATIONIST	
3.	MR. RAVI KUMAR SONI (ARI, NAGAR PALIKA, HATTA)	EMINENT PERSON IN THE FIELD OF CULTURE	
4.	MR. RAJENDRA KHARE (CMO, NAGAR PALIKA HATTA)	CO-OPTED MEMBER	
5.	DR. UMASHANKAR PATEL (BMO, HATTA)	RENOWNED LOCAL DOCTOR	
6.	DR. MANOJ KUMAR AHIRWAR (SR. SCIENTIST & HEAD, AGRICULTURE SCIENCE CENTRE, DAMOH)	SC/ST REPRESENTATIVE	
7.	MR. SAURABH BAJAJ	PARENT MEMBER	
8.	MRS. RENU	PARENT MEMBER	
9.	MR. NATHURAM KORI (BRANCH MANAGER, POST OFFICE HATTA)	CGEWC REPRESENTATIVE	
10.	MR. BHAGIRATH TANTUWAY (SUB. ENGINEER, RES, HATTA)	TECHNICAL MEMBER	—
11.	MR. SUYASH TIWARI, TGT(WE)	TEACHER MEMBER	
12.	MR. RITESH KUMAR PATEL PRINCIPAL, KV HATTA	SECRETARY, VMC	प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय हटा
SPECIAL GUEST			
13	MR. B. L. BIDOLIYA, BEO		
14.	MR. M. L. AHIRWAR, BRCC		

NOMINEE CHAIRPESON,
VIDYALAYA MANAGEMENT COMMITTEE

NOMINEE CHAIRMAN
केन्द्रीय विद्यालय हटा
K V HATTA